भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 318

05 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए नियत

**इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत**

318. श्री जी.एम. सिद्देश्वर:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत को मध्यमवर्गीय परिवारों के बजट के भीतर लाने के लिए कोई कदम उठा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण की राज्य-वार स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या में वृद्धि की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

**(क):** सरकार ने इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड वाहनों की लागत को अंतर्दहन इंजनों के बराबर लाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

i. भारी उद्योग मंत्रालय ने भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण स्कीम, चरण-।। (फेम इंडिया चरण-।।) को 1 अप्रैल, 2019 से पांच वर्ष की अवधि के लिए तैयार किया है जिसकी कुल बजटीय सहायता 10,000 करोड़ रुपये है। फेम-इंडिया स्कीम, चरण-।। के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदारों को इलेक्ट्रिक वाहनों के क्रय मूल्य में अग्रिम कटौती के रूप में आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

ii. सरकार ने देश में बैटरी की कीमतों को कम करने के लिए देश में उन्नत रसायन सेल (एसीसी) विनिर्माण हेतु उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम को 12 मई, 2021 को मंजूरी दी। बैटरी की कीमत कम होने से इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत में कमी आएगी। ऑटोमोबिल और ऑटो घटक के लिए पीएलआई स्कीम को 23 सितंबर, 2021 को अधिसूचित किया गया था, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

iii. इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है; इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जर/चार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी को 18% से घटाकर 5% कर दिया गया है।

iv. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने घोषणा की है कि बैटरी-चालित वाहनों को हरी लाइसेंस प्लेट दी जाएगी और उन्हें परमिट की आवश्यकता नहीं होगी।

v. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर राज्यों को इलेक्ट्रिक वाहनों पर पथ-कर माफ करने की सलाह दी है जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रारंभिक लागत को कम करने में मदद मिलेगी।

(ख) : दिनांक 30.11.2023 की स्थिति के अनुसार, फेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत पंजीकृत राज्य-वार विनिर्माण इकाइयां **अनुलग्नक** में हैं।

(ग) और (घ) : जी हां। फेम-इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत चार्जिंग अवसंरचना के विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। भारी उद्योग मंत्रालय ने 7,432 इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तीन तेल विपणन कंपनियों के लिए पूंजीगत सब्सिडी के रूप में 800 करोड़ रुपये संस्वीकृत किए हैं। ईवी यात्रा पोर्टल के अनुसार देश में प्रचालनरत इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों की कुल संख्या 11,109 है।

इसके अतिरिक्त, भारी उद्योग मंत्रालय ने फेम इंडिया स्कीम के चरण-I के अंतर्गत चार्जिंग अवसंरचना विकसित करने के लिए 520 चार्जिंग स्टेशनों को संस्वीकृति दी थी।

***

<u>अनुलग्नक</u>

**फेम इंडिया स्कीम के चरण-II के अंतर्गत पंजीकृत राज्य-वार विनिर्माण इकाइयां**
**(30.11.2023 की स्थिति के अनुसार)**

| राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | मूल उपकरण विनिर्माता का नाम | वाहन खंड |
|---|---|---|
| बिहार | स्मार्टोमैटिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| छत्तीसगढ़ | गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | एल्टियस ईवी टेक प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| दिल्ली | चैंपियन पॉलीप्लास्ट | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | एनर्जी इलेक्ट्रिक वाहन | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | यूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | गोयनका इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | जीआरडी मोटर्स | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | ग्रीन इवॉल्व प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| दिल्ली | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| दिल्ली | मैसर्स स्पीगो व्हीकल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| दिल्ली | ओकाया ईवी प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| दिल्ली | वाई सी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स | ई-तिपहिया |
| गोवा | कबीरा मोबिलिटी एलएलपी | ई-दुपहिया |
| गुजरात | अतुल ऑटो लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| हरियाणा | बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| हरियाणा | दिल्ली इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| हरियाणा | ईफेव चार्जिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| हरियाणा | ईवीको ऑटोमोबिल्स प्राइवेट लिमिटेड | शून्य |
| हरियाणा | लेक्ट्रिक्स ईवी प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| हरियाणा | ओकिनावा ऑटोटेक प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| हरियाणा | ओमेगा सीकी प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |

| | | |
|---|---|---|
| हरियाणा | रिवॉल्ट इंटेलिकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड. | ई-दुपहिया |
| हरियाणा | शिगन ईवोल्ट्ज़ लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| हरियाणा | एसकेएस ट्रेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| हरियाणा | ठुकराल इलेक्ट्रिक बाइक्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| हरियाणा | ठुकराल इलेक्ट्रिक बाइक्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| हरियाणा | ट्वेंटी टू मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| हरियाणा | विक्ट्री इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| कर्नाटक | ऑल्टिग्रीन प्रोपल्शन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| कर्नाटक | एथर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड. | ई-दुपहिया |
| कर्नाटक | बालन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| कर्नाटक | महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड | शून्य |
| कर्नाटक | मारुतिसन प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| कर्नाटक | माइक्रोकॉन I2i प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| महाराष्ट्र | बजाज ऑटो लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| महाराष्ट्र | बजाज ऑटो लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| महाराष्ट्र | बगॉस ऑटो प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| महाराष्ट्र | चेतक टेक्नोलॉजी लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| महाराष्ट्र | फिटवेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| महाराष्ट्र | जितेंद्र न्यू ईवी टेक प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| महाराष्ट्र | जितेंद्र न्यू ईवी टेक प्राइवेट प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| महाराष्ट्र | काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| महाराष्ट्र | काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| महाराष्ट्र | मैसर्स टुनवाल ई-मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड. | ई-दुपहिया |
| महाराष्ट्र | महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| महाराष्ट्र | महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड | ई-चौपहिया |
| महाराष्ट्र | महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| महाराष्ट्र | पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| महाराष्ट्र | टाटा मोटर्स लिमिटेड | ई-चौपहिया |
| महाराष्ट्र | टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (पूर्ववर्ती टाटा | ई-चौपहिया |

| | | |
|---|---|---|
| | मोटर्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात) | |
| महाराष्ट्र | टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड | ई-चौपहिया |
| महाराष्ट्र | टॉर्क मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| पंजाब | एवन साइकिल्स लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| राजस्थान | बैट्री इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| राजस्थान | साएरा इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| तमिलनाडु | बूमा इनोवेटिव ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| तमिलनाडु | ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (पूर्ववर्ती एम्पीयर व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड) | ई-दुपहिया |
| तमिलनाडु | ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| तमिलनाडु | टीआई क्लीन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| तमिलनाडु | टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| तेलंगाना | ईट्रियो ऑटोमोबिल्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| तेलंगाना | कीटो मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| तेलंगाना | एमएलआर ऑटो लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| उत्तर प्रदेश | एमो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| उत्तर प्रदेश | बेस्ट वे एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| उत्तर प्रदेश | जे.एस. ऑटो प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| उत्तर प्रदेश | खालसा ई-व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| उत्तर प्रदेश | ली-आयन्स इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| उत्तर प्रदेश | ओम बालाजी ऑटोमोबिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| उत्तर प्रदेश | स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| उत्तर प्रदेश | सोकुडो इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | ई-दुपहिया |
| उत्तराखंड | कॉन्टिनेंटल इंजिंस प्राइवेट लिमिटेड | ई-तिपहिया |
| उत्तराखंड | लोहिया ऑटो इंडस्ट्रीज | ई-तिपहिया |
| उत्तराखंड | यूपी टेलीलिंक्स लिमिटेड | ई-तिपहिया |

****